उत्तर प्रदेश शासन

लोक निर्माण अनुभाग-3

संख्या-24/2022/425/23-3-2022-18ईएस/2021-टीसी

लखनऊ : दिनांक : 11 मार्च, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग में अधिशासी अभियंता (सिविल) के पद पर कार्यरत श्री विजय सिंह (ज्येष्ठता क्रमांक-2030) को उनके कनिष्ठ श्री योगेन्द्र सिंह (ज्येष्ठता क्रमांक-2033) की अधीक्षण अभियंता (सिविल) वेतनमान रू0 37,400-67,000/- एवं ग्रेड वेतन रू0 8700/- (मैट्रिक्स लेवल-13) के पद पर पदोन्नति की तिथि 07.01.2022 से प्राकल्पिक (नोशनल) एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधीक्षण अभियंता (सिविल) के पद पर नियमित पदोन्नति करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- श्री विजय सिंह, प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग कार्यालय में योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगें तथा अग्रिम आदेशों तक पूर्व में आवंटित कार्य करते रहेंगें।

3- श्री विजय सिंह की तैनाती का आदेश पृथक से निर्गत किया जायेगा।

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

संख्या-24/2022/425(1)/23-3-2022-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- निदेशक राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज को सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।

3- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि वास्तविक रूप से पद उपलब्ध होने पर ही कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें।

4- प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क)/प्रमुख अभियन्ता (परिकल्प एवं नियोजन) लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

5- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री जी/मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।

6- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।

7- संबंधित अधिकारी द्वारा प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नीरजा सक्सेना)
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.inसे सत्यापित की जा सकती है ।